मॉडर्न पब्लिक स्कूल

ग्रीष्मावकाश गृहकार्य (2023-24)

कक्षा - ग्यारहवीं

विषय-हिंदी

प्र01.गाँव से शहर जाने वाले रास्ते के मध्य पड़ने वाले स्थलों का ऐसा वर्णन प्रेमचंद ने किया है मानो आँखों के सामने चित्र उपस्थित हो रहा हो।अपने घर और विद्यालय के मध्य पड़ने वाले स्थानों का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

प्र02.'ईदगाह' कहानी में बच्चों के बीच पुलिस के बारे मे दो तरह की धारणाएँ हैं?आप किस धारणा से सहमत है? तर्क दीजिए।

प्र03.सिधेश्वरी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

प्र04.निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

उन्माद की रोगिणी की भांति बड़बड़ाने लगी,"पागल नहीं है,बड़ा होशियार है। उस जमाने का कोई महात्मा है। मोहन तो उसकी बड़ी इज्जत करता है। आज कह रहा था कि भैया की शहर में बड़ी इज्जत होती है,पढ़ने-लिखने वालों में बड़ा आदर होता है और बड़का तो छोटे भाइयों पर जान देता है। दुनिया में वह सब कुछ सह सकता है,पर यह नहीं देख सकता कि उसके प्रमोद को कुछ हो जाए"।

प्र05.नीचे कुछ कथन दिए गए हैं। उनके सामने √ या X का निशान लगाते हुए उसकी पुष्टि के लिए उदाहरण भी दीजिए-

(क) संचार माध्यम केवल मनोरंजन के साधन हैं।

(ख) केवल तकनीकी विकास के कारण संचार संभव हुआ,इससे पहले संचार संभव नहीं था।

(ग) समाचार पत्र और पत्रिकाएँ इतने सशक्त संचार माध्यम है कि वे राष्ट्र का स्वरूप बदल सकते हैं।

(घ) टेलीविजन सब से प्रभावशाली एवं सशक्त संचार माध्यम है।

(ङ) इंटरनेट सभी संचार माध्यमों का मिला-जुला रूप या समागम है।

(च) कई बार संचार माध्यमों का नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है।

प्र06.टी.वी. के निजी चैनल अपनी व्यावसायिक सफलता के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाते हैं?टी.वी. के कार्यक्रमों से उदाहरण देकर समझाइए।

प्र07.कबीर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

प्र08.सूरदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

प्र09.मकबूल ने अपनी पहली ऑयल पेंटिंग कैसे बनाई?

प्र010."हुसैन की कहानी उनकी ज़ुबानी"पाठ में बड़ौदा के किस स्मारक का वर्णन किया गया है?